(क) क्या यह सच है कि लक्ष्मीबाई नगर/पश्चिमी किदवई नगर में पिछले दो साल से हत्या, लूटपाट तथा चोरी की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है, यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ख) पिछले दो वर्षों में कितनी घटनाएं घटी हैं तथा उनमें से पहचाने गये मामलों की संख्या और जिन व्यक्तियों से जवाब तलब किया गया है उनकी संख्या संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बढ़ती हुई झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों के कारण ये घटनाएं हो रही हैं; और

(घ) इस क्षेत्र में बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे है तथा सरकार पालिका ग्राम मार्ग से झुग्गी-झोपड़ियों को कब तक हटाने का विचार रखती है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) और (ख) अपेक्षित सूचना विवरण में संलग्न है। (नीचे देखिए)

(ग) जी नहीं, श्रीमान।

(घ) क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम करने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए उपायों में गश्त बढ़ाना और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस कार्मिकों को तैनात करना शामिल है। पात्र झुग्गी वासियों का वैकल्पिक स्थानों पर पुनर्वास करने के लिए पहचान की गई है।

विवरण

अपराध शीर्ष	सूचित मामलों की संख्या			हल किए गए मामलों की संख्या			गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या		
	1996	1997	1998 (30.6.98 तक)	1996	1997	1998 (30.6.98 तक)	1996	1997	1998 (30.6.98 तक)
हत्या	—	—	2	—	—	—	—	—	—
लूटपाट	—	—	—	—	—	—	—	—	—
चोरी	46	42	22	16	17	6	19	18	14

Central Police Forces for Panchayat Elections in West Bengal

4671. SHRI A. VIJAYA RAGHAVAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government of West Bengal had requested the Central Government to make Central police forces available for the smooth conduct of the recently held Panchayat Elections;

(b) if so, the number of companies requested for and the other details thereof; and

(c) whether the request was acceded to and the details thereof?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L. K. ADVANI): (a) to (c) Government of West Bengal requested for providing 50 coys of Central Para Military forces for Panchayat Elections in the State, 25 coys of Central Para Military Forces were provided to the Government of West Bengal, for the purpose.

भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी

4672. श्री मनोहर कान्त ध्यानी: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत-नेपाल सीमा पर बड़े पैमाने पर हो रहीं तस्करी तथा अपराध को रोकने और वहां संसाधनों को सुरक्षित रखने के लिए दिये गये दिशानिर्देशों के अनुसार योजना आयोग ने भारत-नेपाल सीमा विकास बोर्ड बनाने के संबंध में एक प्रस्ताव गृह मंत्रालय को अग्रेषित किया था;